प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 01.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जियो वर्ल्ड कन्वेशन सेंटर में वेव्स शिखर सम्मेलन का किया शुभारंभ, कहा– वेव्स के मंच पर हर कलाकार एक नये आइडिया के साथ क्रिएटिव वर्ल्ड के साथ जुड़ सकेगा।
2. सुप्रीम कोर्ट ने सभी बैंकिंग संस्थानों को दिव्यांगों के लिए केवाइसी की प्रक्रिया को आसान बनाने का दिया निर्देश।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा में झाविमो के विलय को स्वीकृति देने के चुनाव आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में बाबूलाल मरांडी को बनाया प्रतिवादी।
4. राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि आने वाले समय में राज्य में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में दिखेगा सकारात्मक बदलाव।
5. झारखंड में 5 मई तक साईक्लोनिक सर्कुलेशन का दिखेगा असर, आज कई जिलों में आंधी–तूफान के साथ बारिश होने की संभावना।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में भारत के पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है जहां हर कलाकार एक नये आइडिया के साथ क्रिएटिव वर्ल्ड के साथ जुड़ सकेगा। चार दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में मनोरंजन के हर पहलू पर मंथन होगा। वेव्स सम्मेलन में 90 देशों के लोग शामिल हो रहे हैं।

********************

सुप्रीम कोर्ट ने सभी बैंकिग संस्थानों को दिव्यांगों के लिए डिजिटल केवाईसी को आसान बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा– डिजिटल एक्सेस हर नागरिक की संवैधानिक जरूरत है, जिससे हर व्यक्ति को समान भागीदारी का जीवन मिल सके। जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने यह निर्देश तेजाब पीड़ित और अंधे या कमजोर आंख वाले लोगों की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के निर्णय को सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का संदेश बताया है। वहीं कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यह जनगणना पूरी तरह पारदर्शी और देश हित में होगी।

********************

वहीं राज्यपाल संतोष गंगवार ने जातिगत जनगणना कराने के सरकार के फैसले को अच्छा कदम बताया है।

इधर झारखंड के वित्त मंत्री ने पूरे देश में जाति जनगणना कराये जाने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इसका क्रेडिट कांग्रेस को जाता है। कांग्रेस नेता वर्षों से इसकी मांग कर रहे थे।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा में झाविमो के विलय को स्वीकृति देने के चुनाव आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में बाबूलाल मरांडी को प्रतिवादी बनाया है। दरअसल वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झाविमो के तीन प्रत्याशियों बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव और बंधु तिर्की की जीत हुई थी। चुनाव में जीत के बाद बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का विलय बीजेपी में कर लिया था। विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गए और झाविमो का भाजपा में विलय के चुनाव आयोग की मंजूरी के खिलाफ प्रदीप यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

********************

राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य में निवेश की संभावनाओं पर कहा कि आने वाले समय में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में विदेशी निवेश बढ़ेगा तो राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

********************

आज अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में देश के श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

********************

गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस पर राजभवन रांची में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दोनों राज्यों के लोगों को बधाई दी है। उन्होंने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्भुत शौर्य, विविध प्राकृतिक सौंदर्य और आर्थिक प्रगति की राह पर अग्रसर रहने की कामना की है।

********************

संक्षिप्त खबरें

- राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मोटे अनाज के उपयोग पर जोर दिया है। हैदराबाद में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च सेंटर के दौरे के क्रम में उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए एफपीओ को सशक्त बनाने की जरूरत है।

********************

महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर आज भारतीय शेयर बाजार बंद है। इसलिए आज कोई ट्रेडिंग नहीं होगी।

इधर राजधानी रांची में आज जेवराती सोने की कीमत 88 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख चार हजार रूपये प्रतिकिलो है।

********************

मौसम विभाग ने झारखंड में पांच मई तक साईक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान आंधी–तूफान की चेतावनी जारी की है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार आज राज्य के कई जिलों में गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है।

********************

बिहार के गया जिले में 5 मई से खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरूआत होगी। इसमें झारखंड की मलखंब की टीम भी हिस्सा लेगी। झारखंड मलखंब की टीम की कल घोषणा कर दी गयी।

इधर धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित जेएससीए अंतर जिला बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट में खूंटी ने लोहरदगा को 26 रन से पराजित कर दिया।

***************